**दिल्ली पब्लिक स्कूल, ग्रेटर नोएडा ने नेशनल इंटर डीपीएस हिंदुस्तानी संगीत (गायन) प्रतियोगिता में जीत हासिल की**

23 अक्टूबर। ग्रे.नो.। दिल्ली पब्लिक स्कूल, ग्रेटर नोएडा के विद्यार्थियों ने राष्ट्र स्तरीय इंटर डीपीएस हिंदुस्तानी संगीत (गायन) प्रतियोगिता में सराहनीय प्रस्तुति देकर स्कूल का नाम रोशन किया।

विद्यार्थियों ने उप शास्त्रीय लोक संगीत की प्रस्तुति में निर्णायक मंडल व दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 'स्वरागिनी' में देश भर के दिल्ली पब्लिक स्कूल की 152 शाखाओं की टीमों ने भाग लिया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती संध्या अवस्थी ने कहा कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीत हासिल करना एक बड़ी उपलब्धि है, ऐसी उपलब्धियों को प्राप्त करने के लिए विद्यालय में कलाश्री संस्था की स्थापना की गई है, जिसका उद्देश्य बच्चों के अंदर परंपरागत एवं शास्त्रीय कलाओं का विकास करना है। इसमें बच्चों को कुशल प्रशिक्षकों द्वारा गायन, वादन एवं नृत्य का प्रशिक्षण दिया जाता है।